# बढ़ी मजदूरी और पारदर्शी व्यवस्था से आत्मनिर्भर बनेंगे गांव : चिटनिस

## ग्रामीण विकास की नई क्रांति का शुभारंभ, 125 दिनों के रोजगार







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए विकसित भारत.रोजगार एवं आजीविका मिशन,ग्रामीण वीबी.जी.राम.जी का देशव्यापी शुभारंभ किया गया।इसी क्रम में जिला पंचायत बुरहानपुर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जन सम्मेलन एवं शुभारंभ कार्यक्रम विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादु , जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा,बुरहानपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल,खकनार जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती आरती निलेश चौकसे,जिला पंचायत सदस्य दिलीप पवार, अनिल राठौड़,किशोर शाह, मनोज टंडन, संजय जाधव,गजेंद्र पाटिल एवं निलेश चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों,जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि संसद से पारित ष्विकसित भारत.रोजगार एवं आजीविका मिशन,ग्रामीण वीबी.जी.राम.जी अधिनियम देश के ग्रामीण विकास,रोजगार सृजन और ग्राम स्वावलंबन की दिशा में एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं परिवर्तनकारी निर्णय है। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत.2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम है।यह अधिनियम गांवों में विकास की नई कार्यसंस्कृति स्थापित करेगा तथा रोजगारए सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने के साथ ही ग्रामीण परिवारों को मिलने वाले रोजगार के अवसरों का उल्लेखनीय विस्तार किया गया है।अब पात्र परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे लाखों ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी, आर्थिक असुरक्षा कम होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही यदि मजदूरी के भुगतान में किसी प्रकार की देरी होती है तो उसकी भरपाई भी सुनिश्चित की जाएगी,जिससे श्रमिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा होगी।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। खेती.किसानी के सबसे महत्वपूर्ण 60 दिनों के दौरान योजनांतर्गत कोई कार्य नहीं कराया जाएगाए ताकि कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त श्रमिक उपलब्ध रहें और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इससे कृषि और ग्रामीण रोजगार के बीच संतुलन स्थापित होगा तथा दोनों क्षेत्रों को समान रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा।सभी विकास कार्यों का भौगोलिक चिह्नीकरण ;जियो टैगिंग, ऑनलाइन अभिलेखीकरण तथा जैविक पहचान आधारित उपस्थिति अनिवार्य की गई है।इससे प्रत्येक कार्य की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी, फर्जीवाड़े एवं अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा तथा सरकारी धन का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सुनिश्चित होगा। ग्रामीण श्रमिकों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए योजनांतर्गत दैनिक मजदूरी 261 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए कर दी गई है।

### श्रमिकों की मेहनत को दिया सम्मान, जीवन में सुधार

चिटनिस ने कहा कि यह निर्णय श्रमिकों के सम्मान, उनकी मेहनत के उचित मूल्य तथा उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इससे लाखों श्रमिक परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि वीबी.जी.राम.जी अधिनियम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब योजना केवल अस्थायी कार्यों तक सीमित नहीं रहेगी,बल्कि ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप स्थायी और जनोपयोगी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण भी करा सकेंगी।

इससे त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को वास्तविक रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा ग्राम स्वराज की अवधारणा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से जल संरक्षण,जल संवर्धन,सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण सड़कों का निर्माण, सार्वजनिक परिसंपत्तियों का विकास, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण,पर्यावरण संवर्धन, सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण तथा अन्य जनहितकारी विकास कार्यों को व्यापक स्तर पर गति मिलेगी।इससे गांवों में स्थायी विकास की मजबूत नींव रखी जाएगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब गांवों के विकास की प्राथमिकताएं गांव स्वयं तय करेंगे। ग्राम पंचायतों की भूमिका और अधिकारों का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।इससे लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती मिलेगी और ग्राम पंचायतें विकास की वास्तविक धुरी बनेंगी। उन्होंने कहा कि वीबी.जी.राम.जी अधिनियम विशेष रूप से बुरहानपुर सहित पूरे मध्यप्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल रोजगार उपलब्ध कराने वाली योजना नहीं,बल्कि आत्मनिर्भर गांव, सशक्त पंचायत,समृद्ध किसान, सम्मानित श्रमिक और विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार है।

चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। विकसित भारत.रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण ;वीबी.जी.राम.जीउसी संकल्प का सशक्त प्रतिबिंब है, जो ग्रामीण भारत के विकास का नया इतिहास लिखेगा तथा विकसित,समृद्ध,आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। अर्चना चिटनिस ने सभी जनप्रतिनिधियों,पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और लोगों से कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

## ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल कॉलेज के आठवे सेमेस्टर का परिक्षा परिणाम शत-प्रतिशत







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सहकारिता क्षेत्र के ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल इंजिनियरिंग कॉलेज के आठवे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। कॉलेज के सभी विद्यार्थीयो ने सफ्लता प्राप्त कर संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा।

विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार मे हर्ष का माहोल है। यह सफ्लता विद्यार्थीयो की कडी मेहनत, शिक्षको के सतत मार्गदर्शन तथा संस्था द्वारा प्रदान की गई ।गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है, जिसके फ्लस्वरुप सफ्लता की परम्परा को जारी रखते हुये, इस वर्ष भी इंजिनियरिंग के चतुर्थ वर्ष के आठवे सेमेस्टर का परिक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

संस्था के इंजीनियरिंग कॉलेज की इलेक्ट्रीकल इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान किशोर महोतकर ने 8.5 एसजीपीए अंको के साथ प्राप्त किया। सिविल ब्रांच मे प्रथम भगवति बारे ने 7.61 एसजीपीए अंको के साथ प्राप्त किया।मेकेनिकल इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान पर मोहम्मद सोहेल 8.72 एसजीपीए अंको के साथ रहे। कम्प्युटर साइंस ब्रांच मे प्रथम स्थान कु. कुमकुम पाटील 9.17 एसजीपीए अंको के साथ रही। इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग ब्रांच मे प्रथम स्थान इशा महाजन ने 8.94 एसजीपीए अंको के साथ प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त इंजिनियरिंग के अन्य विद्यार्थीयो ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज के परिक्षा परिणाम को श्रेष्ठ बनाया। उपरोक्त सभी चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थीयो को कॉलेज द्वारा प्लेसमेंट दिया गया। विगत वर्षो मे महाविद्यालय् के कई छात्र-छात्राओ ने विश्वविद्यालयीन स्तर पर प्रावीण्य सुची मे स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय् तथा जिले का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना प्रशासक, प्रबंध संचालक, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कथने, मेनेजमेंट प्राचार्या डॉ. स्मिता हजारी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. जीवन घोरमाडे एवं कार्यालय अधीक्षक प्रो विकास यादव एवं समस्त कॉलेज स्टॉफ ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डिजिटल प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर भाजपा की बैठक




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला डिजिटल प्रशिक्षण बैठक का आयोजन हुआ।

कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनोज माने ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू पाटिल जी ,भाजपा जिला महामंत्री श्री ईश्वर चौहान , जिला महामंत्री संजय जाधव ,भाजपा कार्यालय प्रभारी विपुल कानूनगो एवं डिजिटल प्रशिक्षण जिले के प्रभारी दुर्गेश शर्मा ,श्री भरत रावल सभी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं सभी वरिष्ठ भाजपा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण अभियान 2026 को शत.प्रतिशत सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को एक-एक ग्राम एवं संबंधित बूथों की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिससे निर्धारित समय.सीमा में सभी बूथों पर डिजिटल प्रशिक्षण पूर्ण किया जा सके।

भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। डिजिटल रूप से सशक्त कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेगा। सभी के सामूहिक प्रयासों से अभियान को पूर्ण सफलता दिलाने का संकल्प लिया।

## एक बारिश ने ही खोल दी, निगम प्रशासन की पोल कहां है भाजपा का स्मार्ट सिटी प्लान : रघुवंशी



**बुरहानपुर।** लगातार 24 वर्षो से नगर निगम की सत्ता पर भाजपा महापौर का कब्ज़ा,20 वर्षो से प्रदेश की सरकार पर कब्ज़ा एवं 12 वर्षो से देश की सत्ता पर भाजपाई कब्ज़ा,बड़े बड़े दावे, स्वछता की दौड़ मै, स्मार्ट सिटी की कतार मै, तीन तीन इंजन की सरकार के दावे ,एक हल्की सी बारिश ने नाली मै बहा दिए। उक्त आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता अजयसिंह रघुवंशी ने नगर की पोल खोलते हुए कहा की वर्षा के पूर्व भाजपाई महापौर ने बड़े दावे किये की नालो कि सफाई का काम प्रगति पर है करोडो रूपये के टेंडर नालो के निर्माण के लिए खर्च किये गये फिर आज पुरे नगर मै बारिश मै इनकी पोल कैसे खोल कर रख दी। श्री रघुवंशी ने बताया की नगर के हृदय स्थल गांधी चौक मै आज पहली बार इतना बड़ा जल भराव देखा गया शनवारा, बुधवारा, हरिरपुरा, लोहार मंडी सहित पुरे क्षेत्र मै आज के जल भराव ने साबित कर दिया की निगम की योजना पूरी तरह से फर्जी थी जो फैल हो गई है लाखो करोड़ो रुपया बेकार पानी मै बहा दिया गया।

रघुवंशी ने कहा की इस संबंध मै हमारे पार्षद दल आगामी परिषद की बैठक मै पुर जोर विरोध के इसका हिसाब मांगेगे साथ ही नालो पर खर्च व्यर्थ की राशि की शिकायत लोकायुक्त से की जायेगी।

## चंपालाल धनगर सुभाष हाई स्कूल से सेवानिवृत्त



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सांदीपनी शासकीय सुभाष हाई स्कूल बुरहानपुर में कार्यरत उच्च श्रेणी शिक्षक चंपालाल धनगर अपनी शासकीय सेवा 42 वर्ष 5 माह पूर्ण कर दिनांक 30 जून 2026 को सेवानिवृत हुए। शाला परिवार द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम किया गया जिसमें संस्था की प्राचार्य पि.हुसैन मैडम,विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुधाकर माकुंदे,चंपालाल धनगर एवं उनकी धर्मपत्नी जशोदा धनकर मंच पर उपस्थित थे। आरंभ में चंपालाल धनगर का जीवन परिचय लक्ष्मी शाह द्वारा प्रस्तुत किया गया। चंपालाल धनगर का स्वागत संस्था के समस्त स्टाफद्वारा किया गया, इसके अतिरिक्त संजय राउत,अमर पाटील,सुरेंद्र मोदी, जगदीश हजारी ,भास्कर डोंगरे,विद्या पाटिल,प्राजंलि वैद्य,संजय सिंह गहलोत ,विजय कुमार अगनानी, सुनील गुजराती, चंद्रकांत यादव, श्रीनारायण तिवारी, नरेंद्र कुमार बनोरिया,राकेश दलाल, रवि पाटिल, राजेंद्र पुनिवाला, संजय अगनानी, अनिल बाविस्कर बालकृष्ण चौधरी,दिलीप भंगाले, केतन तारे, संजयजायसवाल,अनिल जायसवाल, सुधीर ताम्रकार,धर्मेंद्र चौकसे,दीपेश जाधव,विनायक पवार,सतीश पाटील,ईश्वरलाल वाघे,ताई पवार ,पूनम चौधरी,नीला पवार,सुनीता चौधरी, योगेश जायसवाल ,मंजू शाह ,ज्योत्सना कनासिया एवं मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने चंपालाल धनगर की कार्यशैली एवं विनम्र स्वभाव की प्रशंसा की गई ।उन्होंने अपने कार्य के प्रति कर्मठता के बारे में बताया गया स शाला परिवार द्वारा उन्हें शाल श्रीफल से सम्मानित कर उपहार दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलजा यादव एवं आभार प्रदर्शन ममता शर्मा द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### चेतना महिला शाखा द्वारा सीए एवं डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह आयोजित



**बुरहानपुर।** डॉक्टर एवं सी.ए.दिवस के अवसर पर मारवाड़ी चेतना महिला शाखा द्वारा समाज के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान कर उनके उत्कृष्ट योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया । मंच प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. आई. एल. मूंदड़ा,डॉ.आशीष जैन,डॉ.सुनील पाटिल एवं सी.ए.प्रशांत श्रॉफका स्वागत कर हार ,शाल ,श्रीफल देकर सम्मान किया गया । इस सम्मान समारोह पर शाखा अध्यक्ष रानी पारिक ने सभी सम्मानित अतिथियों के समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित योगदान की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट दोनों ही अपने.अपने क्षेत्र में समाज की अमूल्य सेवा कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं हम डॉक्टर को दूसरा भगवान का स्वरूप मानते हैं और सी.ए.देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं स कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा सभी ने सम्मानित अतिथियों को उनके उज्वल भविष्य एवं निरंतर सेवा कार्यों के लिए शुभकामनाएँ दीं ।कार्यक्रम में शाखा सचिव काजल जैन ,उपाध्यक्ष अमृता सेठी,कोषाध्यक्ष परिमीती शर्मा ,पूर्व अध्यक्ष संगीता लड्डा ,कार्यकारिणी सदस्य भावना जैन,अर्चना पारीक,ज्योति सेठिया एवं मिनल पारीक सहित शाखा की सदस्या ने डॉक्टर एवं सी.ए.को शुभकामनाओ सहित बधाई दी।

### रोटरी क्लब प्राइम द्वारा डॉक्टर्स डे,सीए डे मनाया



**बुरहानपुर।** रोटरी क्लब प्राइम ने वृक्षारोपण की शुरुआत करने के लिए दत्तात्रेय नगर में दो नीम के पौधे लगाए , जिसमें दत्तात्रेय नगर के निवासी डॉक्टर सुनील पाटिल,डॉक्टर अशोक पगारे, संतोष महाजन, गेंदालाल प्रजापति, जगदीश गुप्ता,शांतिलाल जैन,राजीव स्वर्णकार,कमल कुमार बत्रा, सेवक राम मोहनानी,दीपक कुमार सलूजा,मनोज शाह आदि उपस्थित थे! प्रोजेक्ट चेयरमैन जगदीश गुप्ता जी ने बताया कि दिनांक 1 जुलाई को रोटरी क्लब बुरहानपुर प्राइम के सदस्यों द्वारा ब।सुनील महेश्वरी जी और ब।पंकज सोमैया जी का उनके घर जाकर सम्मान किया गया।साथ ही डॉक्टर अशोक पगारे जी एवं वरिष्ठ डॉक्टर चंपालाल चौबे जी का भी घर पर जाकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष गेंदालाल प्रजापति,दीपक सलूजा,संतोष महाजन,मनोहर सिंह किरार,मनोज शाह आदि थे।

## 163 प्रकरणों में 3 .46 करोड अनुग्रह सहायता



**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सिवनी में धान महोत्सव, कोदो.कुटकी बोनस वितरण,लोकार्पण. भूमिपूजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना कार्यक्रम में योजना राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसी कड़ी में जिले के सामान्य मृत्यु के 153 प्रकरण तथा दुर्घटना में मृत्यु के 10 प्रकरण, इस प्रकार कुल 163 प्रकरणों में 3 करोड़ 46 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय एनआईसी कक्ष में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव,अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं लगभग 30 हितग्राही उपस्थित रहे। श्रम विभाग अनुसार संबल योजना के अंतर्गत लाभान्वित 163 प्रकरणों में जनपद पंचायत बुरहानपुर के 76, जनपद पंचायत खकनार के 30, नगर निगम बुरहानपुर के 32, नगर पालिका परिषद नेपानगर के 5 तथा नगर परिषद शाहपुर के 10 प्रकरणों में हितग्राही लाभान्वित हुए।

## बायो वेस्ट कचरा फेंकने, दूध डेयरी पर पॉलिथीन उपयोग पर किया 3000 रु जुर्माना






**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देश पर सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा के निर्देशन में आज नगर निगम टीम ने बाजार में निरीक्षण के दौरान मेट्रो मेडिकेयर हॉस्पिटल में बायोमेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के बाहर फेंका हुआ दिखाई देने पर नगर निगम ने अस्पताल प्रबंधन पर 2000 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 की के तहत होटलए व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अस्पतालों को अपने यहां से निकलने वाले कचरे का सही तरीके से निष्पादन करना अनिवार्य है।साथ ही अस्पतालों को बायोमेडिकल वेस्ट को अलग से सुरक्षित रखना होता है।इसी तरह नगर निगम की टीम द्वारा दूध डेरी पर पॉलिथीन का उपयोग पाया जाने पर 1000 का जुर्माना वसूला गया।गुरुवार को शनवारा रोड स्थित मेट्रो मेडीकेयर हॉस्पिटल में नगर निगम के सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल टीम के साथ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बायोमेडिकल वेस्ट बाहर फेंका गया था नगर निगम ने अस्पताल प्रबंधन पर 2000 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में खुले में बायोमेडिकल कचरा सड़क किनारे या खुले में फेंकने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने पर प्रशासन द्वारा जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाती है।बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के साथ सभी अस्पतालों और क्लिनिक लैब संचालकों को अपने कचरे को विशेष डब्बे में अलग करना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और कचरा सड़क पर फेंकने वाले व फैलाने वालों पर भारी जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल,सेक्टर अधिकारी विजय रायसरदार और सुपर वाइजर मौजूद रहे।

**एक नजर** उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा का बुरहानपुर भ्रमण...

# राजपत्रित अधिकारी-थाना और चौकी प्रभारियों की ली अपराध समीक्षा बैठक, दिए निर्देश





**बुरहानपुर।** उप पुलिस महानिरीक्षक, निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा एक दिवसीय प्रवास पर बुरहानपुर पहुंचे। यहाँ अपराध समीक्षा बैठक लेकर जिले के राजपत्रित अधिकारी व चौकी / थाना प्रभारीयों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए । आपने त्योहारों के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने एवं लॉ एंड ऑर्डर की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर उप पुलिस महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने बुरहानपुर पुलिस की सराहना की। इस अवसर पर डीआईजी के हाथों थाना प्रभारी यों को टैबलेट का वितरण मौके पर किया गया। ताकि वे ई.विवेचना फॉर्म भरकर तुरंत डिजिटल रिकॉर्ड का हिस्सा बना सकेंगे विवेचक।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में उप.पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा का आगमन हुआ। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा डीआईजी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बाद में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी,थाना / चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में क्राइम कंट्रोल एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विस्तृत चर्चा की गई।पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने अनुभागवार बिंदु एजेन्डा के संबंध में प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। जिसके पश्चात् डीआई सिद्धार्थ बहुगुणा ने अपराध समीक्षा बैठक ली एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा.निर्देश दिए। आपने लंबित अपराधों एवं चालान की समीक्षा कर अधिक से अधिक अपराधों व चालान निराकरण करने। महिला संबंधी अपराधो एवं शिकायत पत्रो पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतने हेतु कडे निर्देश दिये गए। आपने अनुसूचित जाति/जनजाति के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने। लघु अधिनियम ,जुआ एक्ट,आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट अमित गोवंश आदि की समीक्षा एवं प्रभावी कार्यवाही करने। वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने। संपत्ति संबंधी अपराधों ;चोरी,लूट,डकैती, नकबजनी में 100 प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित की जाए।ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम नाबालिक बालक/ बालिका की तलाश कर दस्तयाबी करने हेतु किया निर्देशित।तथा स्थाई वारंटो की तामील कराकर वारंटीयो को न्यायालय में पेश करने।सीसीटीएनएस पोर्टल पर एफआईआर नक्शा मौका,गिरफ्तारी,जप्ति वह अन्य विवेचना को ई विवेचना के माध्यम सेए ई.साक्ष्य अपलोड,ऑनलाइन वारंट प्रक्रिया,समयबद्ध फीडिंग एवं मानक अनुसार अद्यतन करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने गुंडा निगरानी बदमाशों जिला बदर की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित खात्मा एखारिज़ी की समीक्षा पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने। वाहन दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने हेतु निर्देश दिए।माइक्रो बीट प्रणाली का उपयोग कर गुंडा निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सूचना संग्रहण को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंतिम बाउंड अवर कार्यवाही आवश्यक करने हेतु निर्देश दिए गए।

अफवाहों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु इंटेलिजेंस तंत्र को सक्रिय रखने निर्देश दिए गए। राहवीर योजना और हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना सड़क दुर्घटना प्रकरणों में पीड़ित परिवार एवं सहायक को फंड राहत में शीघ्र तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। सायबर अपराधों की समीक्षा कर द्वारा कहा गया कि साइबर फ्रॉड के प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही की जावे।जिससे वित्तीय धोखाधड़ी में गए रूपए को वापस पीड़ित को दिलाये जा सके। उप पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओ का शीघ्र समाधान करते हुए कानुन व्यवस्था का सदृढ बनाए रखने के लिए सतर्कता प्रतिबद्धता और संवेनदशीलता के साथ कार्य करे।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी,रक्षित निरीक्षक एवं कार्यालयीन अधिकारीगण उपस्थित रहे।